**प्रेस नोट**
**दिनाकं – 20.08.2024**

**थाना को0 मनकापुर पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-**

**कार्यवाही-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मनकापुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-422/2024, धारा 108 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र गंगू निवासी कोल्हार थाना मनकापुर जनपद गोण्डा को अमघटी मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 19.08.2024 को थाना मनकापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम तामापार निवासी सुरेश प्रसाद पुत्र राम केवल द्वारा थाना मनकापुर पुलिस को सूचना दी कि उसकी बड़ी लड़की की तबीयत कुछ दिन पूर्व खराब हुई थी जिसकी देखभाल हेतु उसकी दोनों छोटी लड़कियां अपनी बड़ी बहन के घर गईं थीं, उसी दौरान बड़ी बहन के पति अशोक द्वारा उसके दोनों छोटी लड़कियों को गाली- गुप्ता देने लगा और कहने लगा कि वह वादी की छोटी लड़कियों की शादी कहीं पर भी होने नही देगा। आए दिन प्रताड़ना से तंग होकर उसकी दोनों लड़कियां बिसुही नदी में कूद कर आत्महत्या कर ली। उक्त सूचना पर स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारीगण द्वारा मौके पर पहुंचकर गोताखोरों/ SDRF की मदद से शवों को खोज कर नदी से निकलवाया गया व पंचायतनामा की कार्यवाही कर शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मनकापुर पर मु०अ०सं० 422 / 2024 धारा 108 बीएनएस पंजीकृत किया गया है आज दिनांक 20.08.2024 को थाना को0 मनकापुर की पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र गंगू को अमघटी मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कराकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. अशोक कुमार पुत्र गंगू निवासी कोल्हार थाना मनकापुर जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-422/2024, धारा 108 बीएनएस थाना को0मनकापुर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. व0उ0नि0 प्रबोध कुमार
02. उ0नि0 कमल किशोर मिश्रा
03. हे0का0 इन्द्रेश कुमार
04. हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 20.08.2024, थाना परसपुर,**
**जनपद गोण्डा।**

**थाना परसपुर पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते समय 03 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी करने के उपकरण व 02 अदद अवैध तमंचा मय 04 कारतूस बरामद-**

**कार्यवाहीः-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज श्री उमेश्वर सिंह के नेतृत्व में थाना परसपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की योजना बनाते समय 03 शातिर चोरों-01. अतुल कुमार, 02. रामस्वरूप बरूआर व 03. रामापति बरूआर को चरसड़ी भौरीगंज सड़क के किनारे खाली पड़े निर्माणाधीन मकान से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी करने के उपकरण व 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-361/2024, धारा 313 बीएनएस व 3/25 आर्म्स ऐक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

आज दिनांक 20.08.2024 को थाना परसपुर के उ0नि0 प्रतीक पाण्डेय मय हमराह फोर्स के साथ रात्रि गस्त में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि नरायनपुर जैसिंह गाँव के बाहर चरसडी भौरीगंज रोड़ के किनारे खाली पड़े निर्माणाधीन मकान में चोरी की योजना बनाते समय 03 चोरों -01. अतुल कुमार, 02. रामस्वरूप बरूआर व 03. रामापति बरूआर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे चोरी करने के उपकरण व जामातलाशी के दौरान अभियुक्त अतुल कुमार व रामस्वरूप बरूआर के कब्जे से 01-01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना परसपुर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. अतुल कुमार पुत्र रामभरोसे निवासी डुमरियाडीह थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।
02. रामस्वरूप बरूआर पुत्र श्यामलाल निवासी डुमरियाडीह थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।
03. रामापति बरूआर पुत्र शिवपति निवासी पुलिहा डेबरी कला थाना धानेपुर जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01.  मु0अ0सं0-361/2024, धारा 313 बीएनएस व 3/25 आर्म्स ऐक्ट थाना परसपुर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 02 अदद अवैध तमंचा व 04 अदद कारतूस 12 बोर जिन्दा कारतूस।
02. 01 अदद लोहे का सब्बल
03. 01 अदद चाभी का गुच्छा
04. 01 अदद पेचकस
05. 01 अदद प्लास,
06. 01 अदद टार्च
07. 02 अदद सेल,
08. बीड़ी, माचिस, तम्बाकू

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 प्रतीक पाण्डेय
02. हे0का0 रामसेवक
03. हे0का0 रविप्रकाश यादव
04. हे0का0 समरेन्द्र पाण्डेय
05. का0 अभिमन्यु

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**औचक निरीक्षण, थाना इटियाथोक**
**प्रेस नोट**
**दिनांक 20.08.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने देर रात्रि थाना इटियाथोक का किया औचक निरीक्षण, शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को दिए आवश्यक निर्देश-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा देर रात्रि अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के साथ थाना इटियाथोक का औचक निरीक्षण किया। जिसमें थाना परिसर, थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने रिकार्डों को अद्यतन करने व साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाने के त्योहार, मासिक व अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया तथा सभी अभिलेखो को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने एचएस चेकिंग, लम्बित विवेचनाओ को गुणदोष के आधार पर निस्तारण व वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए।

**इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा, प्र0नि0 दुर्ग विजय सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक- 20.08.2024, थाना मोतीगंज**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना मोतीगंज मे नवनिर्मित आधुनिक भोजनालय का किया गया उद्धाटनः-**

गोण्डा। आज दिनांक 20.08.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा थाना मोतीगंज में नवनिर्मित भोजनालय कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया गया साथ ही नवनिर्मित भोजनालय कक्ष में बने भोजन को ग्रहण किया गया। थाना मोतीगंज में पूर्व में अवस्थित भोजनालय काफी जर्जर अवस्था में था, जिस कारण ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों को विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था । जिसको श्रीमान् पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा संज्ञान में लेकर पुलिस भोजनालय को बनवाये जाने के निर्देश थानाध्यक्ष मोतीगंज को दिए गए थे । नवनिर्मित भोजनालय कक्ष में पुलिस कर्मियों को मेनू के अनुसार पोषणयुक्त भोजन मिलेगा। जिससे पुलिस कर्मी शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे व अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। भोजनालय कक्ष मे पेयजल के लिए आरओ, वाटर कूलर, बैठने के लिए फर्नीचर, हाथ धोने के लिए बेसिन, गैस चूल्हा, स्टोर में खाद्य सामग्री के लिए कंटेनर व प्रकाश आदि की व्यवस्था की गयी है। मेस की बेहतर सुविधाओं से पुलिस कर्मियों का मनोबल ऊंचा रहेगा, जिससे पुलिस कर्मी जनता की सेवा में और भी बेतहर तरीके से योगदान दे सकेंगे ।

**इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी सुश्री शिल्पा वर्मा, थानाध्यक्ष प्रतीभा सिंह सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**